बी. ए. ऑनर्स संस्कृत पार्ट-3 परीक्षा 2018-2019

प्रश्नपत्र कूट संख्या - 3653

तृतीय प्रश्न पत्र - काव्यशास्त्र एवं नाट्यशास्त्र

पाठ्यक्रम **100 अंक**

1. काव्यशास्त्र -
   पाठ्यपुस्तक काव्यदीपिका (अष्टम शिखा एवं परिशिष्ट अंश को छोड़कर) - कान्तिचन्द्र भट्टाचार्य।
2. नाट्यशास्त्र
   पाठ्यपुस्तक नाट्यशास्त्र (प्रथम तथा द्वितीय अध्याय मात्र) - भरतमुनि।

यह पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पाँच इकाइयों में विभक्त है। इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है -

पाठ्यक्रम की इकाइयाँ -

प्रथम इकाई - काव्यदीपिका की 1-3 शिखाएँ।

द्वितीय इकाई - काव्यदीपिका की 4-5 शिखाएँ।

तृतीय इकाई - काव्यदीपिका की 6-7 शिखाएँ

चतुर्थ इकाई - नाट्यशास्त्र का प्रथम अध्याय।

पंचम इकाई - नाट्यशास्त्र का द्वितीय अध्याय।

प्रश्न-पत्र का विस्तृत अंक विभाजन

प्रथम खण्ड 20 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत विकल्परहित कुल दस वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे जिनके उत्तर अत्यन्त संक्षेप में अपेक्षित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और ये पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे।

द्वितीय खण्ड 50 अंक

इस खंड के अन्तर्गत कुल पाँच प्रश्न पूछे जाएँगे जिनका शतप्रतिशत विकल्प उपलब्ध रहेगा। इनका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है -

क. काव्यदीपिका की 1-3 शिखाओं में से कोई दो कारिकाएँ देकर एक की व्याख्या कराई जाएगी। 10 अंक

ख. काव्यदीपिका की 4-5 शिखाओं में से कोई दो कारिकाएँ देकर एक की व्याख्या कराई जाएगी। 10 अंक

ग. काव्यदीपिका की 6-7 में से कोई दो कारिकाएँ देकर एक की व्याख्या कराई जाएगी। 10 अंक

घ. नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय से कोई चार कारिकाओं को देकर किन्हीं दो की संस्कृत में संक्षिप्त व्याख्या पूछी जाएगी। 10 अंक

ङ. नाट्यशास्त्र के द्वितीय अध्याय से कोई चार कारिकाओं को देकर किन्हीं दो की संक्षिप्त व्याख्या पूछी जाएगी। 10 अंक

तृतीय खण्ड - 30 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न पूछे जाएँगे। इनमें से प्रत्येक का विकल्प उपलब्ध रहेगा। इनका उत्तर लगभग 300 शब्दों में देना अपेक्षित है। इनका विस्तृत विवरण निम्न है -

प्रथम प्रश्न का आधार काव्यदीपिका की विषयवस्तु होगी। 15 अंक

द्वितीय प्रश्न का आधार नाट्यशास्त्र का प्रथम अथवा द्वितीय अध्याय होगा। 15 अंक

सहायक पुस्तकें:-

1. नाट्यसिद्धान्त - डॉ. रमाकान्त त्रिपाठी
2. दशरूपक तत्त्वदर्शन - डॉ. रामजी उपाध्याय
3. अलंकार शास्त्र का इतिहास - अजमेरा बुक कम्पनी, जयपुर

*****